द्वारा दूरदर्शन कार्यक्रमों को प्रसारित कर रहे हैं;

(ख) ऐसे केन्द्रों की संख्या कितनी है जिनसे यह आशा की जाती है कि वर्ष 1986 के अन्त तक वे इन्सेट-1सी के द्वारा दूरदर्शन कार्यक्रम प्रसारित करने लगेंगे ; और

(ग) इन केन्द्रों का ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी० एन० गाडगिल): (क) जिस राष्ट्रीय उपग्रह को चालू किया गया है तथा जो उपयोग में हैं, वह इन्सेट-1 बी है। देश के सभी मौजूदा 174 केन्द्र इन्सेट-1 बी के माध्यम से दूरदर्शन कार्यक्रम टेलीकास्ट कर रहे हैं।

(ख) यह उम्मीद है कि वर्ष 1986 के अंत तक 11 और केन्द्र इन्सेट-1 बी के माध्यम से दूरदर्शन कार्यक्रम टेलीकास्ट करने लगेंगे।

(ग) इन सभी केन्द्रों का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। [देखिए, परिशिष्ट CXXXVI अनुबंध संख्या 19]

कार्यक्रमों के आदान-प्रदान के संबंध में चीन के साथ समझौता

1349. **श्री राम चन्द्र विकल :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेडियो और दूरदर्शन के संवाददाताओं तथा कार्यक्रमों के आदान-प्रदान के सम्बन्ध में हाल ही में भारत और चीन के बीच किसी समझौते पर हस्ताक्षर किये गये हैं;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) समझौते की शर्तें क्या हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी० एन० गाडगिल): (क) से (ग) भारत और चीन के बीच रेडियो और टेलीविजन के क्षेत्र में नई दिल्ली में दिनांक 10 फरवरी, 1985 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौता ज्ञापन में रेडियो और टेलीविजन कार्यक्रमों का आदान-प्रदान करने, दोनों देशों के लोगों के बीच समझबूझ बढ़ाने के लिए टेलीविजन डाकुमेंट्रियों और फीचरों का संयुक्त रूप से निर्माण करने, दोनों पक्षों के रेडियो और टेलीविजन संगठनों द्वारा एक दूसरे के राष्ट्रीय दिवसों पर उपयुक्त कार्यक्रम देने, भारतीय रेडियो और टेलीविजन दल की चीन की यात्रा और दोनों देशों के रेडियो और टेलीविजन रिपोर्टरों की परस्परता आधार पर यात्राओं की व्यवस्था है। समझौता ज्ञापन दोनों पक्षों द्वारा उसका अनुसमर्थन कर दिए जाने के बाद ही प्रवृत्त होगा। तथापि, 4 नवम्बर से 12 नवम्बर, 1985 तक नई दिल्ली में हुई सरकारी स्तर की बातचीत में 1986 के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम पर भारत और चीन के बीच सहमति हुई है। इस कार्यक्रम में, अन्य बातों के साथ साथ, रेडियो और टेलीविजन के क्षेत्र में निम्नलिखित रूप में आदान-प्रदान की व्यवस्था है :-

(1) "दोनों पक्षकार रेडियो और टेलीविजन कार्यक्रमों का आदान-प्रदान करेंगे। इसका ब्यौरा आपसी परामर्श से तय किया जाना है।"

(2) "दोनों पक्षकार प्रसिद्ध चीनी बौद्ध विद्वान हयन सांग (XUAM ZHUANG) पर एक टेलीविजन फिल्म संयुक्त रूप से बनाने के लिए सिद्धान्त रूप में सहमत हो गए हैं। इसका ब्यौरा आपसी परामर्श से तय किया जाना है।"

(3) "भारतीय पक्षकार एक रेडियो/टेलीविजन प्रतिनिधिमण्डल चीन भेजेगा। इसका ब्यौरा आपसी परामर्श से तय किया जाना है।"

(4) "चीनी पक्षकार एक रेडियो/टेलीविजन प्रतिनिधिमंडल भारत की यात्रा के लिए भेजेगा। इसका ब्यौरा आपसी परामर्श से तय किया जाना है।"

ह्यूनसांग के बारे में फिल्म

1350. **श्री राम चन्द्र विकल** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ह्यूनसांग की भारत यात्रा के बारे में चीन के सहयोग से एक फिल्म बनाने की योजना तैयार की जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा फिल्म बनाने का कार्य कब तक आरम्भ होने की आशा है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी० एन० गाडगिल) : (क) और (ख) जी, हां, रेडियो और टेलीविजन के क्षेत्र में भारत गणराज्य तथा चीन लोक गणराज्य की सरकार के बीच हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन के अनुसार, दोनों देश, दोनों देशों के बीच पारम्परिक मैत्री तथा सांस्कृतिक संबंधों से संबंधित विषयों यथा ह्यूनसांग की यात्रा पर डाकुमेंट्री फिल्में तथा फीचर फिल्मों का संयुक्त रूप से निर्माण करने के लिए सहमत हुये हैं। चीनी पक्ष की ओर से ठोस प्रस्ताव की प्रतीक्षा है।

Commission on Urban Development.

1351. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government have set up a Commission on Urban Development to suggest suitable directions to carry out future urban development programmes and to determine strategies for urban development in the country;

(b) if so, what are the details of the terms of reference of the Commission;

(c) whether the Commission represents the experts of both States and Central Government;

(d) the time by when the Commission is likely to submit its report; and

(e) whether the Commission has also been asked to submit interim report?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DALBIR SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) The Commission will study *inter alia* demographic employment, physical, fiscal, shelter, aesthetic and cultural aspects of urban development.

(c) The composition of the Commission is enclosed.

(d) The Committee is expected to submit its report by 4th July, 1986.

(e) No, Sir.

COMPOSITION OF THE COMMITTEE

1.	Shri Charles Correa .	*Chairman*
2.	Shri Amit Sen, Indian Institute of Management, Calcutta . .	MEMBER
3.	Shri Pranoy Roy, Economic Adviser, Deptt. of Economic Affairs, Ministry of Finance, New Delhi . .	,,
4.	Shri S. Srinivas, Sociologist. Institute of Social and Economic Change, Nagarbhavi, Bangalore .	,,
5.	Shri M.N. Buch, National Centre for Human Settlement and Environment. E 4/17, Arera Colony, Bhopal . .	,,